आवारापन 2 के बाद इमरान की आएगी गनमास्टर जी9

यश की मचअवेटेड फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर फैंस के बीच पहले से ही जबरदस्त क्रेज बना हुआ है. अब इस फिल्म की थिएटर स्क्रीनिंग दर्शकों के लिए एक और खास सरप्राइज लेकर आने वाली है.

इमरान हाशमी की अपकमिंग फिल्म 'गनमास्टर जी9' का टीजर 'टॉक्सिक' की स्क्रीनिंग से पहले सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा. यानी यश की फिल्म देखने पहुंचे दर्शकों को बड़े पर्दे पर इमरान हाशमी की अगली फिल्म की पहली झलक भी देखने को मिल सकती है.

रिपोर्ट के मुताबिक, 'गनमास्टर जी9' का टीजर सीधे 'टॉक्सिक' की प्रिंट के साथ अटैच नहीं किया जाएगा, बल्कि फिल्म शुरू होने से पहले इसे अलग से थिएटर में स्क्रीन किया जाएगा. इस रणनीति से मेकर्स को यश की फिल्म देखने पहुंचने वाली बड़ी ऑडियंस तक इमरान हाशमी की फिल्म का प्रमोशनल कंटेंट पहुंचाने का मौका मिलेगा. यानी दर्शकों के लिए मामला डबल डोज वाला होने वाला है पहले इमरान हाशमी का एक्शन अवतार और उसके बाद यश की 'टॉक्सिक' का धमाकेदार सिनेमाई एक्सपीरियंस देखने को मिलेगा. गनमास्टर जी9' को एक्शन-रोमांस के तौर पर पेश किया जा रहा है. फिल्म में इमरान हाशमी लीड रोल में हैं, जबकि उनके साथ जेनेलिया देशमुख और अपारशक्ति खुराना अहम किरदारों में नजर आएंगे.

केरल की कैजिया लीज मेजो बनीं मिस यूनिवर्स इंडिया 2026

गुलाबी नगरी जयपुर में आयोजित मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 के भव्य ग्रैंड फिनाले में केरल की कैजिया लीज मेजो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया. जयपुर में रविवार को मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का भव्य ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया. देशभर से चयनित 52 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया. सौंदर्य, प्रतिभा, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और भारतीय संस्कृति के शानदार संगम से सजे इस आयोजन में केरल की कैजिया लीज मेजो ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया.

कैजिया लीज मेजो ने अपने आत्मविश्वास, प्रभावशाली व्यक्तित्व, बुद्धिमत्ता और मंचीय प्रस्तुति से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया. तमिलनाडु की वैष्णवी गणेश दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि गुजरात की अनुश्री सातवलेकर तीसरे स्थान पर रहीं. खिताब जीतने के साथ ही कैजिया लीज मेजो अब अंतरराष्ट्रीय मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी. उन्होंने कहा, 'यह खिताब मेरे लिए केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है. भारत का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय मंच पर करना मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है. मैं इस अवसर के माध्यम से भारत की विविधता, संस्कृति, प्रतिभा और नई पीढ़ी की शक्ति को दुनिया के सामने प्रस्तुत करूंगी. मिस यूनिवर्स इंडिया के ऑनर निखिल आनंद ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य देश के विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाशाली युवतियों को ऐसा राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी प्रतिभा, व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन कर सकें. उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन और जयपुरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया. राष्ट्रीय जनसंपर्क निदेशक सर्वेश कश्यप ने कहा कि जयपुर में आयोजित मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का भव्य समारोह राजस्थान की मेहमाननवाजी, संस्कृति और देश की प्रतिभाशाली बेटियों के आत्मविश्वास का शानदार उत्सव रहा. उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से भारतीय प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का प्रयास लगातार जारी है.

टेलीविजन हलचल

नयनिका की प्रेग्नेंसी से सैराब में मचा बवाल

स्टार प्लस के लोकप्रिय सीरियल 'सैराब' में इन दिनों जबरदस्त ड्रामा देखने को मिल रहा है. नयनिका पहले से ही ईशान की याददाश्त जाने और उसके उसे पहचान नहीं पाने से परेशान है. दोनों के बीच लगातार गलतफहमियां बढ़ रही हैं. इसी बीच नयनिका की गर्भावस्था की खबर सामने आने से कहानी में एक नया और बड़ा मोड़ आ गया है. सौम्या द्वारा नयनिका के गर्भवती होने का खुलासा किए जाने के बाद परिवार में तनाव बढ़ जाता है और नयनिका को समर्थन मिलने के बजाय गंभीर आरोपों और अपमान का सामना करना पड़ता है. नयनिका अपनी सफाई में कहती है कि वह ईशान से प्यार करती है, लेकिन उसने कभी अपनी सीमाएं नहीं लांघीं. इसके बावजूद गर्भावस्था की रिपोर्ट उसके दावे को लेकर सवाल खड़े कर देती है. नयनिका खुद भी इस स्थिति से हैरान और परेशान नजर आती है. उसके लिए सबसे मुश्किल पल तब आता है, जब परिवार के भीतर ही उसके खिलाफ माहौल बन जाता है. टिन्नी पहले से अपनी मां के व्यवहार और मातृत्व को लेकर नाराज रहती है. वह नयनिका को लगातार अपमानित करती है और उसे घर छोड़ने के लिए कहती है. गर्भावस्था की खबर सामने आने के बाद उसका गुस्सा और बढ़ जाता है. हालात इतने बिगड़ जाते हैं कि टिन्नी हिंसक हो जाती है और अपनी मां को घर से बाहर निकाल देती है. अब कहानी का सबसे बड़ा रहस्य नयनिका की गर्भावस्था की रिपोर्ट बन गया है. क्या रिपोर्ट वास्तव में सही है? क्या सौम्या को इस पूरे मामले की जानकारी पहले से थी? या फिर नयनिका की रिपोर्ट के पीछे कोई ऐसी साजिश है, जिसका खुलासा आने वाले एपिसोड में होगा?

21 साल बाद नेगेटिव रोल में लौट रहे अजय देवगन

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन की इस साल की शुरुआत में ही एक पिक्चर रिलीज हो चुकी है. फिल्म 'धमाल 4' को बॉक्स ऑफिस पर ठीक ठाक रिस्पॉन्स मिला था. पर अब बारी अगली फिल्मों की है. जिसका फिलहाल इंतजार हो रहा है. इस साल 'दृश्यम 3' के बाद 'रेंजर' को भी दिसंबर में रिलीज करने की प्लानिंग हो रही है.

इसी बीच एक बड़ी पिक्चर पर अपडेट सामने आ रहा है. कहा जा रहा है कि अजय देवगन एक बार फिर डार्क और सुपरनेचुरल किरदार में दिखने वाले हैं. रोहित जुगराज की आने वाली हॉरर फिल्म 'गृह प्रवेश' में अजय देवगन एक ग्रे-शेज रोल करते हुए नजर आ सकते हैं. साल 2005 में आई फिल्म 'काल' के लगभग 21 साल बाद अजय देवगन इस तरह के डार्क रोल में लौट रहे हैं. रिपोर्ट से पता लगा कि पहले इस फिल्म की पूरी शूटिंग यूनाइटेड किंगडम में होनी थी, साथ ही इसे जुलाई में शुरू किया जाने वाला था. हालांकि, अजय देवगन के दूसरे प्रोजेक्ट्स की वजह से अब शूटिंग सितंबर से शुरू होगी. जिन प्रोजेक्ट्स की वजह से काम में देरी हुई है, उसमें- 'क्राइम पेट्रोल' शो की होस्टिंग और 'रेंजर' फिल्म की शूटिंग शामिल है.

अक्षय कुमार की एलियन एक्शन थ्रिलर समुक की शूटिंग शुरू

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपनी बहुप्रतीक्षित एलियन एक्शन थ्रिलर फिल्म 'समुक' की शूटिंग शुरू कर दी है. विपुल अमृतलाल शाह और कनिष्क वर्मा की यह फिल्म बड़े पैमाने पर तैयार की जा रही है और इसे भारत के बड़े थिएट्रिकल जॉनर स्पेक्टेकल्स में शामिल करने की तैयारी है.

विपुल अमृतलाल शाह निर्मित, कनिष्क वर्मा निर्देशित और आशिन ए. शाह सह-निर्मित 'समुक' को पैन-इंडियन थिएट्रिकल फिल्म के रूप में बनाया जा रहा है. फिल्म में मिलिट्री रियलिज्म, सर्वाइवल हॉरर और एलियन माइथोलॉजी का अनोखा मेल देखने को मिलेगा. फिल्म पिछले दो वर्षों से विकास के चरण में थी.

फिल्म के बारे में विपुल अमृतलाल शाह ने कहा, 13 साल के गैप के बाद आज अक्षय कुमार के साथ एक नई जर्नी शुरू करना हम सभी के लिए बेहद खुशी, उत्साह और गर्व का पल है. अक्षय सर के साथ हर बार कुछ बेहतर और कुछ बड़ा करने की चाह हमारी जर्नी की पहचान रही है. इस बार यह चैलेंज पहले से कहीं बड़ा है. मुझे उम्मीद है कि हम साथ मिलकर ऐसा कुछ बनाएंगे, जिसे लोग दिल से पसंद करेंगे. समुक' में अक्षय कुमार पहली बार एलियन दुनिया की पृष्ठभूमि में एक्शन करते नजर आएंगे. फिल्म के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिएचर और स्टंट टीम को जोड़ा गया है.

फिल्म 'प्रेम कीटाणु' का नया पोस्टर जारी

मस्ती और पागलपन से भरपूर सफर की झलक

अवनिका फिल्म्स ने अपनी आगामी फिल्म 'प्रेम कीटाणु' का नया पोस्टर जारी किया है। गौरव वर्मा निर्मित इस फिल्म के पोस्टर में वीर पहाड़िया और अपारशक्ति खुराना पेड़ की डाल से लटके नजर आ रहे हैं, जबकि आफिया सैयद पेड़ पर बैठी दिखाई दे रही हैं.

राकेश बेदी खुलकर हंसते नजर आ रहे हैं और निखिल विजय, वीर पहाड़िया को पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं. पोस्टर में हंसी, अफरा-तफरी और कन्फ्यूजन से भरी मस्ती की झलक देखने को मिलती है. 'अंडी बंडी' की रिलीज के कुछ ही दिनों बाद जारी किए गए इस पोस्टर ने फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है. हाल ही में रिलीज हुआ 'अंडी बंडी' खासकर युवाओं के बीच पसंद किया गया. शशि सुमन और बृजेश शांडिल्य की आवाज में सजे इस गीत में रैपर लिटिल भाटिया और मेज़म्यूजिक भी नजर आ रहे हैं. गीत के बोल संदीप सिंह सरदारा ने लिखे हैं, जबकि संगीत शशि ने तैयार किया है.

ऑटो मोबाइल

नई हुंडई क्रेटा की पहली झलक

बॉक्सी डिजाइन से मचाएगी धूम

हुंडई की लोकप्रिय खेल-उपयोगी वाहन क्रेटा जल्द ही नए अवतार में नजर आ सकती है. कंपनी अगली पीढ़ी की क्रेटा पर काम कर रही है, जिसका आंतरिक नाम एसएक्स3 बताया जा रहा है. परीक्षण के दौरान इस वाहन को पहले भी कई बार देखा जा चुका है.

हाल ही में सामने आई जासूसी तस्वीरों के आधार पर तैयार किए गए नए चित्रों से आगामी क्रेटा के संभावित बाहरी रूप की पहली झलक मिली है. उम्मीद है कि नई पीढ़ी का मॉडल मौजूदा क्रेटा की तुलना में अधिक सीधा, चौकोर और दमदार दिखाई देगा. आगे के हिस्से में चपटा बोनट और मजबूत क्षैतिज डिजाइन तत्व दिखाई दे सकते हैं. वाहन के अगले हिस्से की चौड़ाई को उभारने के लिए पतली प्रकाश पट्टी का इस्तेमाल किए जाने की संभावना है. मुख्य हेडलैंप को प्रकाश पट्टी से नीचे अलग स्थान पर लगाया जा सकता है. यह डिजाइन इसे मौजूदा मॉडल से अलग पहचान देगा.

किनारे से देखने पर नई क्रेटा में सबसे बड़ा बदलाव दिखाई देने की उम्मीद है. मौजूदा मॉडल की गोलाकार सतहों के बजाय नई पीढ़ी के वाहन में ज्यादा तीखी रेखाएं और चौकोर पहिया मेहराब दिए जा सकते हैं. दरवाजों पर पुराने प्रकार के हैंडल, छत पर रेल और नीचे काली बॉडी क्लैडिंग भी दिखाई दे सकती है. पीछे की तरफ भी डिजाइन में बदलाव देखने को मिल सकता है. तैयार किए गए चित्रों में दोनों ओर के पीछे के प्रकाशों को जोड़ता हुआ बड़ा काला पैनल नजर आता है. इससे वाहन का पिछला हिस्सा ज्यादा चौड़ा और आधुनिक दिखाई दे सकता है. नई क्रेटा के अंदरूनी हिस्से में भी बदलाव की उम्मीद है.

लॉन्च के कुछ दिन बाद ही महंगी हुई मारुति ब्रेजा

मारुति सुजुकी की नई ब्रेजा फेसलिफ्ट को बाजार में उतारे अभी कुछ ही समय हुआ है और अब कंपनी ने इसके चुनिंदा संस्करणों की कीमत में बढ़ोतरी कर दी है. अगस्त 2026 में किए गए इस कीमत संशोधन का असर मुख्य रूप से सीएनजी से चलने वाली ब्रेजा पर पड़ा है. एलएक्सआई सीएनजी, जेडएक्सआई सीएनजी और जेडएक्सआई सीएनजी ड्यूल-टोन संस्करण की कीमत में 5,000 रुपये की बढ़ोतरी की गई है. बाकी संस्करणों की कीमत फिलहाल पहले जैसी ही है.

नई ब्रेजा फेसलिफ्ट को जुलाई 2026 में बाजार में उतारा गया था. इसमें चार प्रमुख संस्करण एलएक्सआई, वीएक्सआई, जेडएक्सआई और जेडएक्सआई प्लस—उपलब्ध हैं. कंपनी ने इसमें 1.0 लीटर टर्बो पेट्रोल, 1.5 लीटर पेट्रोल और 1.5 लीटर सीएनजी इंजन के विकल्प दिए हैं.

नई बजाज पल्सर 125 और 150 लॉन्च

बजाज ऑटो ने भारतीय बाजार में अपनी लोकप्रिय पल्सर मोटरसाइकिल के 125 और 150 सीसी संस्करणों के नए मॉडल लॉन्च कर दिए हैं. कंपनी ने दोनों मोटरसाइकिलों को कई नए फीचर्स के साथ अपडेट किया है. हालांकि, इनके मूल बाहरी डिजाइन में बड़ा बदलाव नहीं किया गया है.

नई पल्सर 125 और पल्सर 150 में अब आधुनिक तकनीक और सुविधाओं को जोड़ा गया है, जिससे रोजाना इस्तेमाल के साथ लंबी दूरी की सवारी को भी बेहतर बनाने की कोशिश की गई है. दोनों मोटरसाइकिलों में अब 5 इंच का टीएफटी उपकरण पैनल दिया गया है. इसके साथ बारी-बारी से रास्ता बताने वाला नेविगेशन और मोबाइल स्क्रीन को मोटरसाइकिल की स्क्रीन पर दिखाने की सुविधा भी मिलती है. इससे सवार को जरूरी जानकारी देखने के लिए बार-बार मोबाइल निकालने की जरूरत कम होगी. पल्सर 150 में कंपनी ने तेल से ठंडा होने वाली तकनीक के साथ कई बदलाव किए हैं.

यामाहा आर2 इस हफ्ते होगी लॉन्च

200 सीसी इंजन से होगी लैस

भारतीय दोपहिया बाजार में यामाहा अपनी नई मोटरसाइकिल आर2 को पेश करने की तैयारी कर रही है. कंपनी की ओर से इस सप्ताह नई मोटरसाइकिल को बाजार में उतारे जाने की उम्मीद है. आर2 को मोटरसाइकिल श्रेणी में पेश किया जा सकता है और इसे खास तौर पर स्पोर्ट्स बाइक पसंद करने वाले ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किए जाने की संभावना है. यामाहा आर2 में करीब 200 सीसी क्षमता का एक सिलेंडर वाला इंजन दिया जा सकता है. यह इंजन करीब 25 हॉर्सपावर की अधिकतम शक्ति और 19 न्यूटन मीटर का अधिकतम टॉर्क पैदा कर सकता है. इंजन के साथ छह गति वाला गियरबॉक्स मिलने की उम्मीद है. इस इंजन और गियरबॉक्स के संयोजन से बाइक को बेहतर प्रदर्शन देने का प्रयास किया जा सकता है.

यामाहा भारत में पहले से ही अलग-अलग श्रेणियों में स्कूटर और मोटरसाइकिल बेचती है. ऐसे में आर2 के जरिए कंपनी अपने मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो को और मजबूत कर सकती है. नई बाइक का मुकाबला 200 सीसी श्रेणी की अन्य स्पोर्ट्स मोटरसाइकिलों से होने की संभावना है.

यंग इंडिया

इग्नू में एडमिशन का मौका, 31 अगस्त तक करें आवेदन

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने जुलाई 2026 सत्र के लिए ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। अब इच्छुक विद्यार्थी 31 अगस्त 2026 तक प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. जिन विद्यार्थियों ने अब तक आवेदन नहीं किया है, उनके लिए यह अतिरिक्त मौका है. विश्वविद्यालय में विभिन्न स्तरों के पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है.

इग्नू के ओडीएल कार्यक्रमों में सर्टिफिकेट से लेकर डिग्री तक कई पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं. इसके अलावा पीजी सर्टिफिकेट और अन्य कार्यक्रमों के लिए भी आवेदन किया जा सकता है. दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से पढ़ाई करने के इच्छुक विद्यार्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता और रुचि के अनुसार पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं.

आवेदन करने से पहले विद्यार्थियों को संबंधित पाठ्यक्रम की पात्रता, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, दस्तावेज और अन्य निर्धारित नियमों की जानकारी जरूर हासिल करनी चाहिए. अलग-अलग कार्यक्रमों के लिए पात्रता की शर्तें अलग हो सकती हैं. इसलिए फॉर्म भरने से पहले चुने गए कार्यक्रम की पूरी जानकारी जांचना जरूरी है.

इच्छुक विद्यार्थी इग्नू के आधिकारिक प्रवेश पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं. आवेदन प्रक्रिया में मांगी गई जानकारी सही-सही भरने के साथ जरूरी दस्तावेज भी निर्धारित प्रारूप में अपलोड करने होंगे. विद्यार्थियों को सलाह है कि अंतिम तारीख का इंतजार न करें और समय रहते आवेदन पूरा कर लें.

विदेश में एमबीबीएस : भारतीय छात्रों के लिए बेहतर विकल्प

भारत में एमबीबीएस की सीट के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा और सीमित विकल्पों के कारण कई विद्यार्थी मेडिकल शिक्षा के लिए विदेश का रुख करते हैं. विदेश में मेडिकल पढ़ाई के लिए कई देश भारतीय छात्रों को आकर्षित करते हैं, लेकिन विश्वविद्यालय का चयन केवल फीस के आधार पर करना सही नहीं है. कॉलेज की मान्यता, शिक्षा की गुणवत्ता, क्लिनिकल प्रशिक्षण, अस्पताल की सुविधाएं, पाठ्यक्रम और भारत लौटने के बाद प्रैक्टिस के नियमों की जानकारी पहले से लेना बेहद जरूरी है.

जॉर्जिया भारतीय विद्यार्थियों के बीच लोकप्रिय विकल्पों में शामिल है. यहां कई मेडिकल संस्थानों में आधुनिक बुनियादी ढांचा और अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की सुविधा मिलती है. रूस लंबे समय से विदेशी छात्रों के लिए मेडिकल शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है. चीन में आधुनिक मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर और विभिन्न विश्वविद्यालयों में मेडिकल कार्यक्रम उपलब्ध हैं.

फिलीपींस में अंग्रेजी भाषा के व्यापक इस्तेमाल और अमेरिकी शिक्षा प्रणाली के प्रभाव के कारण भारतीय छात्रों की रुचि रहती है. मलेशिया में भी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों और अंग्रेजी माध्यम के कार्यक्रम उपलब्ध हैं. अमेरिका जैसे देशों की मेडिकल शिक्षा व्यवस्था भारत से काफी अलग है और वहां प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता और खर्च को लेकर विस्तृत जानकारी जुटाना जरूरी है. यूक्रेन के मामले में मौजूदा सुरक्षा परिस्थितियों और विश्व विद्यालय की वर्तमान स्थिति की स्वतंत्र रूप से जांच करना भी जरूरी है.

विदेशी मेडिकल कॉलेज में आवेदन करने वाले भारतीय छात्रों को अपनी पात्रता और नीट-यूजी से जुड़े मौजूदा नियमों की जांच करनी चाहिए.

साथ ही चुने गए संस्थान की मान्यता और भारत में मेडिकल स्नातक के रूप में पंजीकरण के लिए लागू राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के नियमों को जरूर समझें. पासपोर्ट, नीट स्कोरकार्ड, शैक्षणिक प्रमाणपत्र और मेडिकल फिटनेस से जुड़े दस्तावेजों की जरूरत पड़ सकती है.

यूपीटीईटी रिजल्ट का इंतजार होगा खत्म, ऐसे चेक करें परिणाम

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 में शामिल हुए अभ्यर्थियों के लिए परिणाम से जुड़ा इंतजार जल्द खत्म हो सकता है. उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग जल्द ही शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का परिणाम जारी कर सकता है. परिणाम जारी करने की आधिकारिक तारीख की घोषणा का इंतजार है. परिणाम आने के बाद उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना अंकपत्र डाउनलोड कर सकेंगे.

शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 के लिए कुल 2,27,481 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था. परीक्षा का आयोजन 2, 3 और 4 जुलाई 2026 को किया गया था. प्रश्नपत्र-1 और प्रश्नपत्र-2 की परीक्षा उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर हुई थी. परीक्षा से पहले 22 जून को परीक्षा शहर की सूचना जारी की गई थी और 30 जून को प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया गया था. परीक्षा समाप्त होने के बाद आयोग ने 8 जुलाई को प्रारंभिक उत्तर कुंजी जारी की थी. अब अभ्यर्थी अंतिम परिणाम का इंतजार कर रहे हैं. परिणाम जारी होने के बाद उम्मीदवारों को आयोग की वेबसाइट पर शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 परिणाम वाले विकल्प पर क्लिक करना होगा. इसके बाद अनुक्रमांक और मांगी गई जानकारी दर्ज करके अंकपत्र देखा जा सकेगा. परिणाम में उम्मीदवार का नाम, पंजीकरण संख्या, जन्मतिथि, लिंग, पिता का नाम, वर्ग, उत्तीर्ण स्थिति, कुल प्राप्त अंक और विषयवार अंक जैसी जानकारियां दर्ज होंगी.